हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 208 कानपुर, मंगलवार 26 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## ■ सैकड़ों साल पुराने दंगल में लगे दांव, पहलवानों ने दिखाया अपना दम

## द्रौपदी मुर्मू ने भारत के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की, सीजेआई रमना ने शपथ दिलाई

राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद द्रौपदी मुर्मू भारत की 15वीं राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है । वह देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं. द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर आदिवासी समाज में खुशी का माहौल है । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में देश सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ग्रहण ली. इसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई. भारत के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई । नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुबह पहले राजघाट पर जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रंद्धांजलि दी । शपथ ग्रहण समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक औपचारिक जुलूस में संसद भवन पहुंचे । सोमवार सुबह 9. 42 बजे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में एक और औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरक्त की । उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, राज्यपाल, अलग–अलग राज्यों के मुख्यमंत्री, राजनयिक मिशनों के प्रमुख, सांसद, प्रमुख नागरिक समेत सैन्य अधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए राष्ट्रपति भवन में डिनर का आयोजन किया था । 64 वर्षीय द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर शीर्ष संवैधानिक पद संभालने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला बनने के बाद इतिहास रच दिया है । नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मुर्मू के गृहनगर ओडिशा के रायरंगपुर में गुरुवार से ही जश्न का माहौल है. उनके शपथ ग्रहण समारोह को मनाने के लिए उनके गांव के लोगों ने आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है ।



निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2015 में झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ लेने वाली पहली महिला थीं । नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा से दो बार की भाजपा विधायक रहीं. जब बीजू जनता दल ने भाजपा के समर्थन से ओडिशा में सरकार बनाई थी उस समय उन्हें नवीन पटनायक कैबिनेट में मंत्री बनाया गया था । नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास ओडिशा सरकार में परिवहन, वाणिज्य, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसे मंत्रालयों को संभालने का विविध प्रशासनिक अनुभव है ।

## पीएम मोदी बोले– राष्ट्रपति मुर्मू का पदभार ग्रहण करना ऐतिहासिक क्षण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी और कहा कि उनका देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालना भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है, खासकर गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए। मोदी ने एक के बाद एक किए गए ट्वीट में कहा कि शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत की उपलब्धियों पर जोर दिया और आगे के रास्ते को लेकर एक भविष्यवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश ने आज गर्व से द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेते देखा। उनका पदभार ग्रहण करना भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, खासकर गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए। मैं उन्हें उपयोगी राष्ट्रपति कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शपथ लेने के बाद अपने संबोधन में द्रौपदी मुर्मू ने आशा और करुणा का संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा उन्होंने भारत की उपलब्धियों पर जोर दिया और ऐसे समय में जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो उन्होंने आगे के रास्ते को लेकर एक भविष्यवादी दृष्टिकोण पेश किया। द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। मुर्मू ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक पर सोमवार को सुबह पुष्पांजलि अर्पित की।

## बिहार में 7 मोर्चा का संयुक्त सम्मेलन करेंगे अमित शाह और जेपी नड्डा, मिशन 2024 की तैयारी में जुटी बीजेपी

बिहार में बीजेपी मोर्चा की संयुक्त कार्यकारिणी बैठक का आयोजन होने वाला है। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के साथ–साथ पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होने वाले हैं। इस कार्यक्रम को लेकर अमित शाह और जेपी नड्डा 30 और 31 जुलाई को बिहार के दौरे पर रहेगें। दोनों राष्ट्रीय नेताओं के इस दौरे को लेकर बिहार के बीजेपी कार्यकर्ता काफी खुश हैं और उनके कार्यक्रम की तैयारी में लगी हुई हैं। दोनों नेता इस कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और बिहार के सह प्रभारी हरीश द्विवेदी ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जेपी नड्डा 30 जुलाई को इस दो दिन की बैठक का उद्घाटन करने के साथ–साथ संबोधित करेंगे। वहीं दूसरी तरफ अमित शाह 31 जुलाई को इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और साथ ही शाम चार बजे इसका समापन करेंगे। बताया जा रहा है कि नड्डा हाईकोर्ट के पास अंबेडकर की




प्रतिमा से रोड शो का नेतृत्व करते हुए ज्ञान भवन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। संजय जायसवाल ने कहा कि यह बिहार इकाई के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है क्योंकि राज्य को सभी सात मोर्चों की पहली संयुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए चुना गया है।

हालांकि, दो दिवसीय बैठक का मुख्य आकर्षण 31 जुलाई को पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार अमित शाह के समापन का भाषण है। बता दें, शाह 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार राज्य की राजधानी पटना का दौरा करेंगे। इससे कुछ महीनों पहले वह भोजपुर और रोहतास में कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बिहार पहुंचे थे। बीजेपी के इस कार्यक्रम में शाह और नड्डा के अलवा पार्टी के सभी राष्ट्रीय महासचिव और मोर्चा के पदाधिकारी शामिल होगें।

## सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा, कांवड़ रूट का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन के दूसरे सोमवार पर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। इस दौरान कांवड़ रूट का सीएम योगी ने निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर हरिद्वार हाइवे से मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा होते हुए चौक के ऊपर से गुजरा। मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा, औघड़नाथ मंदिर पर फूलों की वर्षा करते हुए हेलीकॉप्टर एनसीआर की तरफ निकल गया। इस दौरान सीएम योगी ने बागपत के पूरा महादेव का भी किया निरीक्षण किया। आसमान से पुष्पों को गिरते देख शिवभक्तों ने हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया। मुजफ्फरनगर के खतौली बाईपास पर शिवभक्ध्तों पर फूलों की बारिश की गई। पूरे क्षेत्र में पुष्प्प वर्षा के दौरान अलग की नजारा दिखा। सोमवार को दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा से वापसी के दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा का जायजा लिया और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की। योगी ने पूर्व में ही प्रशासनिक अधिकारियों को हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने और कांवड़ यात्रा की निगरानी करने के निर्देश दिए थे। कोरोना महामारी के बाद यह पहला मौका है, जब प्रदेश में कांवड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। कहीं विशाल झांकियां निकाली जा रही हैं तो कहीं योगी–मोदी के मुखौटे पहने कांवड़िए मार्गों से गुजर रहे हैं। शिव भक्तों के स्वागत के लिए सजा शहरों का मुख्य मार्ग रंग–बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है। जगह–जगह कांवड़ सेवा शिविर स्थापित किए गए हैं। योगी ने 18 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस





और प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया था कि कांवड़ यात्रा मार्ग में जगह–जगह स्वास्थ्य चौकियां स्थापित की जाएं और किसी की भी तरह की धार्मिक यात्रा या जुलूस में अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि गाजियाबाद–हरिद्वार मार्ग कांवड़ यात्रा की दृष्टि से सर्वाधिक व्यस्त रहता है और यहां दूसरे राज्यों के श्रद्धालु भी आते हैं, इसलिए सीमावर्ती राज्यों से भी संवाद बनाए रखें।

उन्होंने किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को खुद मौके पर जाने के निर्देश दिए थे।

## राज्यसभा में महंगाई व जीएसटी पर विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही बाधित

महंगाई एवं कुछ आवश्यक वस्तुओं पर माल और सेवा कर लगाए जाने के मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराने की मांग को लेकर सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसकी वजह से उच्च सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न 03.10 बजे चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर भी सदन में पहले जैसा ही नजारा दिखा और कई विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे । पीठासीन अध्यक्ष सस्मित पात्रा ने अविलंबनीय लोक महत्व के विषय के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्य फौजिया खान को कोविड–19 के पश्चात स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से उत्पन्न स्थिति का मुद्दा उठाने का मौका दिया। किंतु राकांपा सदस्य ने हंगामे के बीच ही कहा कि महंगाई का मुद्दा आम लोगों के लिए ज्यादा अहम है। पात्रा ने उनसे विषय पर बोलने को कहा। उन्होंने कहा कि तीन बजे तक इस मुद्दे पर चर्चा पूरी हो जानी चाहिए थी लेकिन इस विषय के महत्व को देखते हुए सभापति एम वेंकैया नायडू ने इसे चार बजे तक पूरा करने की अनुमति दे दी है। इस दौरान सदन में हंगामा जारी रहा और पात्रा ने बार–बार सदस्यों से शांत रहने तथा इस पर चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समक्ष नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच ही सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि वह सदन को नहीं चलने देना चाहता है। उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को ऐसी सीट पर बैठाया गया जो उनकी पद की गरिमा के अनुरूप नहीं थी।



गोयल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत पूरा सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे पहले आयोजित एक कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष के लिए प्रधानमंत्री के पास सीट रखी गयी लेकिन वह उस कार्यक्रम में ही नहीं आए। उनके नहीं आने से उनकी कुर्सी खाली पड़ी रही। इस दौरान सदन में शोरगुल जारी रहा और पात्रा ने तीन बजकर आठ मिनट पर बैठक चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही मनोनीत सदस्य इलैया राजा ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली और उसके बाद उपसभापति हरिवंश ने पूरे सदन की ओर से ओलंपिक चौंपियन नीरज चोपड़ा को विश्व एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। इसके बाद विपक्षी दलों ने महंगाई एवं जीएसटी मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा आरंभ कर दिया। हंगामा को देखते हुए दो बज कर 14 मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। उल्लेखनीय है कि सोमवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह के कारण उच्च सदन की बैठक दोपहर दो बजे शुरू हुई।

## रामविलास पासवान के बंगले में रहेंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

द्रौपदी मुर्मू देश की नई राष्ट्रपति बन चुकी हैं। सोमवार को उन्होंने शपथ भी ग्रहण कर ली। इसके बाद रामनाथ कोविंद का कार्यकाल पूरा हुआ। अब उनका नया पता राष्ट्रपति भवन नहीं, बल्कि जनपथ रोड स्थित वह बंगला होगा, जहां कभी पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान रहते थे।

द्रौपदी मुर्मू के भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद कोविंद राष्ट्रपति भवन छोड़ सोमवार को अपने नए आवास पहुंचे।बंगले को, राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनके आवास के रूप में तैयार किया गया है। पासवान का निधन 2020 में हुआ था। उससे पहले करीब तीन दशक तक वह 12 जनपथ स्थित इस बंगले में रहे।



उनके बेटे चिराग पासवान ने नोटिस मिलने के बाद अप्रैल में बंगला खाली कर दिया था। गौरतलब है कि रामविलास पासवान का अक्टूबर 2020 में 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वह 1989 से, जनता दल से लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी तक अलग–अलग विचारधाराओं वाले दलों के नेतृत्व वाली केंद्र सरकारों में मंत्री रहे।

# सम्पादकीय

## कच्चे तेल की नयी अर्थनीति से उम्मीदें

एक जुलाई को केंद्र सरकार द्वारा घोषित कच्चे तेल की अर्थनीति के कुछ नये प्रावधानों का आने वाले समय में सकारात्मक प्रभाव हो सकता है. इन प्रावधानों के अंतर्गत पेट्रोल, डीजल व विमानन ईंधन के निर्यात पर कर लगाया गया था, जो पेट्रोल व विमानन ईंधन के निर्यात पर छह रुपये प्रति लीटर तथा डीजल के निर्यात पर 13 रुपये प्रति लीटर था. अप्रत्याशित लाभ कर के इन दरों में 20 जुलाई से दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गयी है.

सोना आयात पर भी सीमा शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है और सोने पर उत्पाद शुल्क की दर 15 प्रतिशत होगी. इन प्रावधानों में सबसे अच्छा आर्थिक पक्ष कच्चे तेल का उत्पादन करने वाली कंपनियों पर अतिरिक्त उत्पादन कर लगाना है. इसके अंतर्गत तेल कंपनियों को उस मुनाफे पर अतिरिक्त कर देना होगा, जो उन्होंने वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के निर्यात से कमाया है. यह कर अब 23,250 रुपये से घट कर 17 हजार रुपये प्रति टन होगा.

चालू वित्त वर्ष 2022–23 के बजट में अनुमानित विकास दर पहली तिमाही बीतने के बाद से ही घट रहा है. तब इसे नौ प्रतिशत से अधिक सोचा गया था, पर विभिन्न एजेंसियों के आकलन के अनुसार अब यह पूर्वानुमान सात प्रतिशत के आसपास है. इसके पीछे कई आर्थिक कारण हैं. वित्तीय घाटा तेजी से बढ़ा है, जिसके मुख्य कारकों में खाद्य पदार्थों पर सब्सिडी में बढ़ोतरी, कच्चे तेल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी करने से अनुमानित वार्षिक घाटा, उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ाना, उज्जवला योजना पर बढ़ा खर्च आदि हैं.

उल्लेखनीय है कि बजट प्रस्तुत करने के 20 दिन बाद ही रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया, जो भारत के लिए भी एक आर्थिक समस्या बन कर सामने आया. कच्चे तेल के मूल्य में एकाएक बड़ी वृद्धि हुई. रूस और यूक्रेन से भारत को बड़े पैमाने पर उर्वरकों की आपूर्ति होती है. युद्ध के कारण इसमें कमी आयी और कृषि क्षेत्र को सहायता देने के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ानी पड़ी. एक विकट चुनौती अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपये का लगातार कमजोर होना भी है. बीते पांच महीनों में इसमें अधिकतम 6.28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है तथा इन दिनों यह 79 रुपये से अधिक है. रुपये की गिरावट कई तरह के आर्थिक संकट पैदा करती है, जिनमें चालू वित्तीय घाटे का बढ़ना मुख्य है. यह गिरावट विदेशी निवेशकों को भी आशंकित करती है तथा इसका विपरीत प्रभाव स्टॉक मार्केट पर भी पड़ता है.

रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में फरवरी से जून तक लगातार तेजी रही. अब इसमें कुछ गिरावट हो रही है. इसने भारतीय अर्थव्यवस्था व आम जन पर बहुत विकट प्रभाव डाला है. घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के मूल्य बढ़े और इसका असर समूचे बाजार की महंगाई के रूप में सामने आया. इस कारण सरकार को पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती करनी पड़ी ताकि महंगाई नियंत्रित रह सके.

इसके बाद जब भारतीय रुपया गिरने लगा, तो स्थिति और खराब हो गयी क्योंकि इसी दौरान सोने के आयात में तेजी दर्ज की गयी. यह लगभग हर परिस्थिति में देखा जाता है कि रुपये के मूल्य में गिरावट व सोने के आयात में बढ़ोतरी में तारतम्य रहता है. चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सोने का आयातक है. इन दिनों एक तरफ रुपया लगातार दबाव में है, तो दूसरी तरफ सोने के आयात से बाहर जाती विदेशी मुद्रा इस दबाव को और बढ़ा रही है. इसलिए ऐसा समझना जायज है कि सोने के आयात पर बढ़ायी गयीं कर दरों से जहां रुपये पर से दबाव कम होगा, वहीं सरकार को वित्तीय घाटा और व्यापार घाटा कम करने में भी सहायता मिलेगी. हमारे देश की तेल कंपनियों ने निर्यात से इस दौरान खूब मुनाफा कमाया है. आंकड़ों के अनुसार, जनवरी तक रूस का भारत के कच्चे तेल आयात में दो प्रतिशत हिस्सा होता था, जो जून में 20 प्रतिशत तक पहुंच गया. यह भी देखने को मिला है कि रूस से सस्ते मूल्य पर तेल खरीद कर भारतीय तेल कंपनियां विभिन्न देशों को निर्यात कर रही हैं. इस पर अतिरिक्त उत्पादन शुल्क या विंडफाल टैक्स लगाना सराहनीय कदम कहा जा सकता है.

इसके माध्यम से सरकार घरेलू बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति की कमी को पूर्व नियंत्रित करने के साथ अपने कर संग्रहण को बढ़ा सकती है. तेल कंपनियों से प्राप्त यह उत्पाद शुल्क सीधा केंद्र सरकार के पास जायेगा. इसमें राज्यों का हिस्सा नहीं होगा, जिससे सरकार अपने वित्त घाटे तथा चालू वित्तीय घाटे को कम कर सकेगी. सरकार की घोषणा से तेल कंपनियों पर एक नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिला है. बीते हफ्ते शेयर बाजार में सरकारी तेल कंपनियों के शेयर मूल्यों में बड़ी गिरावट आयी. निजी उपक्रमों के शेयर भी कुछ गिरे हैं. पर इन कंपनियों के निवेशकों को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए. देश के आर्थिक हित में ऐसे प्रावधान जरूरी हैं. हालांकि इससे आगे बीपीसीएल के होने वाले विनिवेश पर भी असर पड़ सकता है. सरकार की इन घोषणाओं का उद्देश्य घरेलू बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों को तर्कसंगत बनाना है, न कि अनावश्यक हस्तक्षेप करना.

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।

# कारगिल विजय दिवस – जरा याद करो कुर्बानी

या तो तू युद्ध में बलिदान देकर स्वर्ग को प्राप्त करेगा अथवा विजयश्री प्राप्त कर पृथ्वी का राज्य भोगेगा । गीता के इसी श्लोक को प्रेरणा मानकर भारत के शूरवीरों ने कारगिल युद्ध में दुश्मन को पाँव पीछे खींचने के लिए मजबूर कर दिया था। 26 जुलाई 1999 के दिन भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के दौरान चलाए गए ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत भूमि को घुसपैठियों के चंगुल से मुक्त कराया था। इसी की याद में 26 जुलाई अब हर वर्ष कारगिल दिवस के रूप में मनाया जाता है।यह दिन है उन शहीदों को याद कर अपने श्रद्धा–सुमन अर्पण करने का, जो हँसते–हँसते मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। यह दिन समर्पित है उन्हें, जिन्होंने अपना आज हमारे कल के लिए बलिदान कर दिया। कारगिल युद्ध जो कारगिल संघर्ष के नाम से भी जाना जाता है, भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में मई के महीने में कश्मीर के कारगिल जिले से प्रारंभ हुआ था। इस युद्ध का कारण था बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों व पाक समर्थित आतंकवादियों का लाइन ऑफ कंट्रोल यानी भारत–पाकिस्तान की वास्तविक नियंत्रण रेखा के भीतर प्रवेश कर कई महत्वपूर्ण पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर लेह–लद्दाख को भारत से जोड़ने वाली सड़क का नियंत्रण हासिल कर सियाचिन–ग्लेशियर पर भारत की स्थिति को कमजोर कर हमारी राष्ट्रीय अस्मिता के लिए खतरा पैदा करना। पूरे दो महीने से ज्यादा चले इस युद्ध (विदेशी मीडिया ने इस युद्ध को सीमा संघर्ष प्रचारित किया था) में भारतीय थलसेना व वायुसेना ने लाइन ऑफ कंट्रोल पार न करने के आदेश के बावजूद अपनी मातृभूमि में घुसे आक्रमणकारियों को मार भगाया था। स्वतंत्रता का अपना ही मूल्य होता है, जो वीरों के रक्त से चुकाया जाता है। इस युद्ध में हमारे लगभग 527 से अधिक वीर योद्धा शहीद व 1300 से ज्यादा घायल हो गए, जिनमें से अधिकांश अपने जीवन के 30 वसंत भी नही देख पाए थे। इन शहीदों ने भारतीय सेना की शौर्य व बलिदान की उस सर्वोच्च परम्परा का निर्वाह किया, जिसकी सौगन्ध हर सिपाही तिरंगे के समक्ष लेता है।

इन रणबाँकुरों ने भी अपने परिजनों से वापस लौटकर आने का वादा किया था, जो उन्होंने निभाया भी, मगर उनके आने का अन्दाज निराला था। वे लौटे, मगर लकड़ी के ताबूत में। उसी तिरंगे मे लिपटे हुए, जिसकी रक्षा की सौगन्ध उन्होंने उठाई थी। जिस राष्ट्रध्वज के आगे कभी उनका माथा सम्मान से झुका होता था, वही तिरंगा मातृभूमि के इन बलिदानी जाँबाजों से लिपटकर उनकी गौरव गाथा का बखान कर रहा था।




# ज्ञानवापी मस्जिद और शृंगार गौरी मामले की सुनवाई टली

ज्ञानवापी मस्जिद–शृंगार गौरी मामले में जिला जज की अदालत में आज होने वाली सुनवाई टल गई. आज की सुनवाई वाराणसी जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता कमला प्रसाद के निधन की वजह से टाल दी गयी. अधिवक्ताओं ने कॉन्डोलेंस कर आज न्यायिक कार्य से विरत रहे. इस कारण जिला जज की अदालत ने इस मामले में अगली तारीख 4 अगस्त की दी है.

अधिवक्ता ने मीडिया को बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता का निधन होने की वजह से आज जिला जज साहब ने सुनवाई स्थगित करते हुए 4 अगस्त की तिथि निर्धारित की है. उन्होंने बताया कि वह अगली तारीख पर इस केस की जिरह खत्म कर लेंगे या ज्यादा से ज्यादा 5 अगस्त को सुनवाई पूरी हो जायेगी जिसके बाद केस की पोषणीयता पर फैसला आ जाएगा.

इस संबंध में वादी संख्या 2 से 4 क्रमशः लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि आज सुनवाई नहीं हो पायी क्योंकि सिविल कोर्ट में आज कॉन्डोलेंस हो गयी जिसके बाद जिला जज ने 4 अगस्त की अगली तारीख दोनों पक्षों की सहमति के साथ दी है.



# 100 करोड़ में राज्यसभा सीट और राज्यपाल बनाने का झांसा, सीबीआई ने किया रैकेट का भंडाफोड़

सीबीआई ने राज्यसभा सीट और राज्यपाल पद दिलाने का वादा कर कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की ठगी मामले का खुलासा किया है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने इस मामले में हाल में कई जगहों पर छापेमारी की और इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने इन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की है.

### एक आरोपी फरार होने में कामयाब

केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी में महाराष्ट्र के लातूर के कमलाकर प्रेमकुमार बंदगर, कर्नाटक के बेलगाम के रवींद्र विट्ठल नाइक और दिल्ली–एनसीआर के महेंद्र पाल अरोड़ा, अभिषेक बूरा और मोहम्मद एजाज खान को नामजद किया गया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है. वहीं, सीबीआई अधिकारियों पर हमला करने के बाद तलाशी अभियान के दौरान एक आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया. अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपी के खिलाफ जांच एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में स्थानीय पुलिस थाने में एक अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### जानें क्या है आरोप

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कमलाकर प्रेमकुमार बंदगर खुद को एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी के रूप में पेश करता था और उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ अपने संबंधों का हवाला देते हुए बूरा, अरोड़ा, खान और नाइक से कोई भी ऐसा काम लाने को कहता था, जिसे वह भारी–भरकम रकम के एवज में पूरा करवा सकता है. दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपियों ने राज्यसभा की सीट दिलवाने, राज्यपाल के रूप में नियुक्ति करवाने और केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों के अधीन आने वाली विभिन्न सरकारी संस्थाओं का अध्यक्ष बनवाने का झूठा आश्वासन देकर आम लोगों से भारी–भरकम राशि ऐंठने के गलत इरादे से साजिश रची. आरोपी 100 करोड़ रुपये के एवज में राज्यसभा की उम्मीदवारी दिलवाने के झूठे वादे के साथ लोगों को ठगने की कोशिशों में जुटे थे.




# रणदीप सुरजेवाला को तगड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने से किया इनकार, कहा – हाईकोर्ट जाइए

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला की चुनाव कानून संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है. इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कांग्रेस के नेता सुरजेवाला को दिल्ली हाईकोर्ट जाने की नसीहत दी. सुप्रीम कोर्ट ने रणदीप सुरजेवाला से कहा कि इस मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में ही होगी. सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनवाई करने से इनकार किए जाने के बाद रणदीप सुरजेवाला ने अपनी याचिका को वापस ले लिया.

### मतदाता कार्ड को आधार से लिंकिंग के खिलाफ याचिका

बता दें कि कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने सुप्रीम कोर्ट में मतदाता कार्ड को आधार से लिंक किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. मतदाता कार्ड को आधार से लिंक कराने के लिए केंद्र की मोदी सरकार की ओर से बीते 19 जून को अधिसूचना जारी की गई थी. सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने सरकार की ओर से चुनाव कानून संशोधन अधिनियम के तहत मतदाता कार्ड को आधार से लिंक कराने के खिलाफ याचिका दायर की थी. उनकी इस याचिका पर सुनवाई करने से जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की पीठ ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया.

### रणदीप सुरजेवाला ने याचिका में लगाया आरोप

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने सरकार की अधिसूचना के विरोध में आरोप लगाते हुए लिखा कि इलेक्ट्रॉनिक मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने के बाद मतदाताओं के निजता का हनन होगा, जो उनका मौलिक अधिकार है. रणदीप सुरजेवाला ने अपनी याचिका में मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने के मामले को असंवैधानिक करार दिया था. अपनी याचिका में उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि मतदाताओं की निजी जानकारी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पास रहेगी. इसके बाद मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए निर्वाचन अधिकारी के सामने आधार का विवरण देना अनिवार्य हो जाएगा.

### मतदाता कार्ड को आधार से लिंक कराने का विपक्ष कर रहा विरोध

मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने के लिए सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना का पूरा विपक्ष ही विरोध कर रहा है. देश में कांग्रेस के अलावा अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है. इस मामले में विपक्ष के नेताओं का कहना है कि इस सिस्टम में कई प्रकार की कमियां मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने पर मतदाताओं को नुकसान होगा.



# युवक ने सिर पर लोहे की रॉड मारकर की पिता की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर ।जनपद में सनसनीखेज घटना हुई है। यहां एक बेटे ने सिर पर लोहे की रॉड मारकर अपने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। बचाव में आई मां कमल शुक्ला को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। इसके अलावा, आरोपी ने अपने नाना रामभरोसे अवस्थी पर भी चाकू से हमला किया। यह मामला गोविंद नगर के गुजैनी सी ब्लॉक का है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी निखिल शुक्ला नशे का लती था। रविवार रात निखिल का पिता जीत कुमार शुक्ला (54) से झगड़ा हुआ था। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी मौके से फरार हो गया।

मृतक के छोटे बेटे अखिल ने बताया कि निखिल का कुछ दिनों से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। गांजे का नशा करने का कारण तंत्र विद्या की बातें करता था। कहता था कि मनुष्य जीवन दोबारा नहीं मिलेगा सबको मर जाना चाहिए। पुलिस ने हत्यारोपी को गोविंद नगर क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया है। गुजैनी सी–ब्लॉक में रहने वाले जीत कुमार शुक्ला (55) ठेकेदारी करते थे। घर में पत्नी सुमन, सास राम प्यारी और दो बेटे निखिल व अखिल हैं। इसी साल 20 साल के निखिल ने इंटर पास किया है। वह शराब, चरस और गांजे का नशा करने लगा था। उसकी हरकतें देख घर वालों ने उस पर कड़ाई करने लगे थे। घर से बाहर निकलने नहीं देते थे। उस पर निगरानी रखने लगे थे। हालांकि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है ।



# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़–चढ़कर हिस्सा

कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम तेजपुर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, जिसमें करीब 4 गांवों के बच्चों ने लिया भाग, जानकारी के अनुसार बता दें कि घाटमपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम तेजपुर स्थित क्रिकेट स्टेडियम पर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन जिस पर करीब 4 गांवों के बच्चों ने आजमाई अपनी अपनी किस्मत बता दें कि जिस पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका सरोज कुरील, मनोज भदौरिया, तेजपुर ग्राम प्रधान पति अवध दीक्षित, रहे मौजूद । जिस पर खेल प्रतियोगिता में भिन्न–भिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया है जैसे कि वॉलीबॉल, कबड्डी, दौड़, व फुटबॉल जिस पर पहले स्तर खेल में नंदना ग्राम को तेजपुर ग्राम के बालकों ने पछाड़ा दूसरी बाजी में तेज पुर को पतारा के बच्चों ने हराया वही ग्राम तरगांव बच्चों की हुई बराबर हार वहीं पर जीते हुए बच्चों को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया वही बच्चों के चेहरे में देखने को मिली खुशियां, जिस में शामिल कुछ बाल काटना वह बालिकाओं को तेजपुर निवासी आशुतोष तिवारी, अनिल तिवारी, पंकज, सपना दीप्ति अर्चना आदि बच्चे शामिल रहे।



# रेलवे पुलिस ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

कानपुर । जनपद के घाटमपुर स्टेशन में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट घाटमपुर स्टेशन व हमीरपुर स्टेशन और भरुआ सुमेरपुर स्टेशन पर, मैं प्रभारी निरीक्षक वीके यादव पोस्ट जूही उप निरीक्षक राम अवतार अपने आउट पोस्ट के बल सदस्यों के साथ, स्टेशन अधीक्षक घाटमपुर, हमीरपुर, भरुआ सुमेरपुर, उपस्थित रहे। रेलवे सुरक्षा बल के कार्यों व कर्तव्यों से आम नागरिकों, यात्रियों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाई गई वैन रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट घाटमपुर स्टेशन पहुंची, जिसे



घाटमपुर हमीरपुर भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पोर्टिको पर खड़ा कर चलचित्र चलाया गया। यात्रियों व नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान यात्रीगण एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के प्रचार प्रसार के लिए उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से पत्नी की हुई मौत, पति की हालत गंभीर

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव में सोमवार शाम के वक्त बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला एवं उसके पति गंभीर रूप से झुलस गए, जहां दुर्घटना में महिला की मौत हो गई, वही महिला की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया, जानकारी के अनुसार फरीदपुर गांव निवासी सुरेश राजपूत एवं उसकी पत्नी बेला देवी खेतों में कार्य कर रही थी जहां से बारिश होने के चलते वह पेड़ के नीचे खडे हो गए, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में



महिला एवं उसका पति गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें परिजन आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर में जहां महिला की मौत हो गई। वही पति का इलाज जारी है ।

# सैकड़ों साल पुराने दंगल में लगे दांव, पहलवानों ने दिखाया अपना दम

कानपुर । सोमवार को नवाबगंज के अखाड़े में कुश्ती के दांव–पेंच लगे। 300 सालों से श्रावण मास में दंगल के लिए यहां प्रदेश के कोने–कोने से पहलवान आते हैं। कोविड के चलते 2 साल बाद ये पहला आयोजन किया जा रहा है। बुजुर्गों के मुताबिक, यहां दंगल में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई भी कुश्ती के दांव–पेंच सीखने और लड़ने आती थीं। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री नीलिमा कटियार ने आयोजन का उद्‌घाटन किया। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी दंगल में अतिथि के तौर पर पहुंचे। क्षेत्रीय पार्षद महेंद्र पांडेय पप्पू भी मौजूद रहे। बता दें कि दंगल में करीब 200 से ज्यादा पहलवान आए हैं। यहां से दंगल की शुरुआत के बाद प्रदेश के कोने–कोने में दंगल आयोजित किया जाता है। दंगल में हरियाणा और दिल्ली से आई 6 महिला दंगलों ने भी अपने–अपने दांव से प्रतिद्वंदी को ही नहीं प्रशंसकों को भी चित्त कर दिया। दंगल देखने के लिए कानपुर के कोने–कोने से लोग पहुंचे हैं। हजारों की संख्या में लोग कुश्ती के दांव देखने के लिए पहुंचे हैं। वहीं दंगल की सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस भी मौजूद है। पहलवान एक–दूसरे को ललकार कर अपने आपको ताकतवर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री जागेश्वर महादेव प्रबंधक सभा के महामंत्री प्राण श्रीवास्तव ने बताया कि अखाड़ा में 300 साल से कुश्ती के दांव–पेंच हर साल दिखते हैं। यहां नानाराव पेशवा भी कई बार आए और पहलवानी करने वाले क्रांतिकारियों में जोश भरते थे। सबसे ज्यादा मल्लाह



पहलवान होते थे, जो उनकी सेना में भी थे। इस दंगल में महिला अगर किसी पुरुष या कोई पुरुष महिला से लड़ना चाहता हैं तो चैलेंज कुश्ती होती है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया वृद्ध, दर्दनाक मौत

## गांव के बाहर फुलवारी में काम कर रहा था वृद्ध

फतेहपुर । जनपद के जाफर गंज थाना क्षेत्र में एक वृद्ध जो कि अपने खेतों में गांव के बाहर लगी फूल की खेती में काम कर रहा था तभी अचानक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई बताते चलें कि जाफर गंज थाना क्षेत्र के बसंत खेडा गांव निवासी छेदा सिंह चौहान जोकि गांव के बाहर अपने खेतों में फुलवारी लगाए हुए थे जिस में काम कर रहे थे वहीं से निकली हाई टेंशन लाइन के खंभे में बने स्टे के तार की चपेट में आ गए बारिश के चलते जिसमें करंट आ रहा था वहां पर उनकी दर्दनाक मौत हो गई इसकी सूचना जैसे ही



परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया आनन फानन पहुंचे परिजनों मैं मातम छा गया इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# दिनदहाड़े घर में घुसा चोर ग्रामीणों ने पकड़ा

## नगदी व जेवरात लेकर भाग रहा था चोर

फतेहपुर । जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक सूने घर में दिनदहाड़े चोर ने घुसकर नगदी समेत जेवरात ले कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया बताते चलें कि जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के लहुरी सराय गांव निवासी संजय यादव के घर में दोपहर करीब 1रू00 बजे एक चोर घुस गया और उसकी पत्नी के पर्स में रखे जेवरात व नगदी लेकर भाग रहा था तभी मौजूद ग्रामीणों ने शक होने पर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास नकदी व जेवरात बरामद हुए इस घटना की सूचना मकान मालिक संजय यादव को दी गई मौके पर पहुंचे संजय यादव ने देखा कि उनके घर के दरवाजे खुले पड़े हैं और उनकी पत्नी का पर्स गायब है संजय यादव ने बताया कि उनकी पत्नी के पर्स पर रखे नगदी व जेवरात लेकर चोर भाग रहा था तो ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया है जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।




# डीएम ने छात्रवृत्ति के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रधानाचार्यो संग की बैठक।।

उरई–(जालौन)–जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने छात्रवृत्ति के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रधानाचार्यों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज उरई के सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले छात्रो को इसके बारे में पूरी जानकारी दी जाए। जिससे उनके आवेदन पत्र गलत न हों और उन्हें छात्रवृत्ति मिलने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा अपरिहार्य कारणों से छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करते समय कुछ त्रुटि कर देते हैं जिसके कारण छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह जाते हैं इसलिए जनपद के सभी विद्यालय प्रबंधतंत्र अपने अपने छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति संबंधी ऑनलाइन का विधिवत निरीक्षण करलें कि उनके द्वारा भरे गए फॉर्म में कोई त्रुटि न रहे और संबंधित प्रपत्र सलंग्न कराएं। ऑनलाइन आवेदन करने से पहले संबंधित को दिशा निर्देशों से अवगत कराएं जो बच्चे किसी पाठ्यक्रम में द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम वर्ष में अध्ययनरत हो और गत वर्ष में छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन किया गया हो उन्हें नवीनीकृत रिन्यूअल श्रेणी में ऑनलाइन आवेदन कराएं। छात्रों द्वारा ऑनलाइन ऑफलाइन आवेदन संबिट के बाद वंचित अभिलेखों सहित आवेदन पत्र को शिक्षण संस्था में जमा करने के बाद फॉरवर्ड किए जाने की कार्यवाही तत्काल की जाए विद्यालय में अभी तक जो फार्म पोर्टल पर उपलब्ध हो चुके हैं उसे तत्काल अग्रसारित कर दिए जाएं अपने स्तर पर न रोकें। उन्होंने छात्रवृत्ति ऑनलाइन फीलिडंग में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन पत्र तेजी कराएं इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए ।

# शोहदों से परेशान युवती ने लगाई पुलिस अधीक्षक से गुहार

फतेहपुर । जनपद के जाफर गंज थाना क्षेत्र में एक युवती ने शोहदों से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है बताते चलें कि जाफर गंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी काल्पनिक नाम सीमा देवी जो कि बीते कई दिनों से थाने के चौखट पर चक्कर लगा रही है पीड़ित युवती ने बताया कि उसके गांव के ही दो लड़के उसके साथ आए दिन छेड़खानी करते हैं जिसका विरोध करने पर युवती को जमकर पीटा है इस घटना की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दी थी लेकिन उस पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है बताया किआरोपी आए दिन धमकी देते



हैंकि पुलिस हमारा क्या कर लेगी जिससे परेशान होकर युवती ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है सोमवार सुबह पुलिस अधीक्षक की चौखट पर प्रार्थना पत्र दिया है और अपनी समस्या बताई है पुलिस अधीक्षक ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं ।

# पत्नी से झगड़े के बाद जेई ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

कानपुर । पत्नी से फोन पर बात करने के दौरान झगड़ा हुआ तो केस्को जेई ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पत्नी ने पुलिस को कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस जेई के कमरे में पहुंची। कल्याणपुर सीएचसी लेकर पहुंची। हालत गंभीर होने पर वहां से हैलट रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान जेई ने दम तोड़ दिया। फतेहपुर के कचरौली गांव में रहने वाले बालकृष्ण सिंह (34) फूलबाग बिजलीघर में जेई थे। मौजूदा समय में वह जवाहर नगर गड़रियनपुरवा कल्याणपुर में अकेले किराए का कमरा लेकर रहते थे। जबकि पत्नी कुमकुम और 4 साल की बेटी मां के साथ गांव में रहती थी। बहनोई महेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार शाम को पत्नी से फोन पर बात कर रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि फोन पर बात करते हुए पत्नी से कहा कि मैं अब जान दे रहा हूं। इसके बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। पत्नी ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना



दी। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची और उन्हें कल्याणपुर सीएचसी लेकर पहुंची। हालत गंभीर होने पर हैलट रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। सूचना पर पत्नी और मां और सहकर्मी हैलट पहुंचे। एसीपी कल्याणपुर दिनेश शुक्ला ने बताया कि पुलिस जब जेई को हॉस्पिटल ले गई थी तो वह होश में थे। इतना ही नहीं बात भी कर रहे थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। परिवारीजनों के मुताबिक, पत्नी से लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था। इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने जेई के मोबाइल की जांच की तो गूगल हिस्ट्री में एक तीव्र जहर का नाम सामने आया। जिसे खाने के बाद कोई भी बच नहीं सकता है। जहर की सीसी भी पुलिस ने मौके से बरामद की है। इससे एक बात तो साफ है कि जेई ने मरने के लिए कई बार गूगल पर सर्च किया और जहर खरीदने के बाद सुसाइड किया। इससे एक बात तो साफ है कि कई दिनों से सुसाइड की प्लानिंग चल रही थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को उनके घर पर कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। स्वजन भी आत्महत्या का कारण नहीं बता सके। सिर्फ पत्नी से फोन पर बात करने के दौरान झगड़े की बात सामने आई है।

## दो बाइकों में आमने–सामने भिड़ंत, मासूम सहित दंपत्ति घायल

फतेहपुर । जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र में आमने सामने दो बाईकों में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें मासूम सहित दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए बताते चलें कि फतेहपुर जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकी पुर गांव के समीप दो बाईकों में आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक में सवार सुखराम सिंह पत्नी गीता और उसका बेटा नितिन निवासी जोनिहा जोकि बाइक से कहीं जा रहे थे तभी त्रिलोकी पुर गांव के समीप सामने से आ रही



तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है चिकित्सकों ने बताया की उपचार किया जा रहा है ।

यदि हालत में सुधार नहीं होता है तो जिला अस्पताल के लिए रिफर किया जाएगा ।

# परिषदीय विद्यालयों में नवीन आधार बनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने की बैठक

उन्नाव । जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में परिषदीय विद्यालयों के नवीन आधार बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक आहुत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि शत प्रतिशत छात्रों के आधार कार्ड बनाये जाने का कार्य तत्काल पूर्ण किया जाये, नवीन आधार कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया निशुल्क है। अस्तु कोई भी अतिरिक्त शुल्क न लिया जाये। अतिरिक्त शुल्क लिये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। परिषदीय बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर पहले आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिस विकास खण्ड में परिषदीय बच्चों के अधिक संख्या में आधार कार्ड बनाये जाने हैं वहाँ पर यूआईडीएआई से समन्वय स्थापित कर कैम्प लगवाये जायें। बैठक का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव के द्वारा किया गया। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, सहायक जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उन्नाव एवं जिला प्रबन्धक सीएससी, एसपीवी उन्नाव के डीसी श्री अंकित शुक्ला, शुभम शुक्ला व यूआईडीएआई लखनऊ के



प्रतिनिधि के रूप में भेजे गये मण्डल प्रभारी श्री ऐमन परवेज के द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया है।

# होटल रिजार्ट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

## बृजमोहन मातनहेलिया बने अध्यक्ष व गौतम मल्होत्रा बने महामंत्री

बहराइच । होटल रिजार्ट वेल्फेयर एसोसिएशन बहराइच के सम्पन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से बृजमोहन मातनहेलिया को अध्यक्ष, गौतम मल्होत्रा को महामंत्री व आशीष केडिया को कोषाध्यक्ष चुना गया है। शहर के होटल रिजार्ट में सम्पन्न हुए उक्त चुनाव में एक राय से राकेश टेकड़ीवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलदीप सिन्हा व जीशान अहमद को उपाध्यक्ष तथा मनीष मल्होत्रा को एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी दी गई है। पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करने के लिए संरक्षक के रूप में डॉ. अनिल केडिया, केदार मातनहेलिया व हाजी नगीन अहमद ने सहमति जताई है। एसोसिएशन के प्रवक्ता मनीष मल्होत्रा ने बताया कि सर्वसम्मति से फैसला हुआ कि एसोसिएशन को बहराइच उद्योग व्यापार मंडल तथा प्रदेश व राष्ट्रीय होटल व्यापार संगठनों से संबद्ध किया जाएगा। बैठक में होटल रिजार्ट संचालन में आए दिन आने वाले विषयों व समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर चर्चाएं हुई। मल्होत्रा ने बताया कि बैठक में होटल रिजार्ट संचालन हेतु शहर के सभी संस्थानों में एक जैसे नियम व शर्तें रखने का निर्णय लिया गया



है। लेकिन नियम तय करते समय इस बात का खास ख्याल रखा जा रहा है कि एसोसिएशन के फैसलों से किसी भी परिस्थिति में ग्राहकों की सुविधाएं व हित प्रभावित न हों।

# सैफई विवि के बाल चिकित्सा विभाग में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दमकल ने पाया काबू

इटावा । उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के सैफई विवि के बाल चिकित्सा विभाग में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आफरा–तफरी के बीच फायर कर्मियों को बुलाया गया। दमकल टीम लगभग 15 से 20 मिनट में आग पर काबू पा सकी। हालांकि इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। विश्वविद्यालय की पुरानी इमारत में पांचवीं मंजिल पर बाल चिकित्सा विभाग संचालित है। रविवार रात करीब 11 बजे यहां शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चिंगारी उठता देख वार्ड में मौजूद मरीज व उनके तीमारदारों में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में दमकल टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल टीम के जवानों ने बिजली लाइन को कटवाकर आग पर काबू पा लिया। जानकारी पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रात को ही प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। मेंटेनेंस के कर्मचारियों को बुलाकर तत्काल लाइन ठीक कराई गई। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील कुमार का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया गया है।




कोई नुकसान नहीं हुआ है। तत्काल फायर कर्मियों और स्टाफ ने सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया था।

# युवा साहित्यकार रोशन जमीर की पुस्तक का हुआ विमोचन

बहराइच । नानपारा जिला बनाओ समित के कार्यालय में नानपारा के युवा साहित्यकार द्वारा लिखित पुस्तक रियासत नानपारा का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव पाण्डेय एवं मुख्य अतिथि नगर परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल मोहिद राजू व संचालन ठाकुर शहीद नानपारवी ने किया।कार्यक्रम में शामिल लोगों ने किताब की खूब सराहना की बहराइच जिले की एक ऐतिहासिक धरोहर की जानकारी पुस्तक देती है। विमोचन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साहित्यकार उदय प्रताप मिश्र ने कहा यह




किताब एक धरोहर है। हजारों वर्ष तक लेखक का नाम चलता रहेगा। शोभा बढ़ाती रहेगी। लाइब्रेरी में लोगों को पढ़ने का मौका मिलेगा। प्राचार्य डॉ परमानंद पांडे ने कहा लेखक रोशन जमीर ने नानपारा ही नहीं पूरे जिले के इतिहास को संजोकर जो पुस्तक लिखी है वह सराहनीय है। डी पी श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा पुस्तक उत्साह उमंग के साथ जानकारी देगी योग्यता पैदा करेगी जिससे हम आगे बढ़ सकेंगे। शाहिद जमाल ने कहा कि लेखक ने नानपारा के बारे में जो लिखा है वह सराहनीय हैं। नानपारा जिला बनाओ समिति के वॉलिंटियर इन चीफ मनोज तिवारी ने कहा ने नानपारा को जिला बनाने की आवाज बुलंद रखें। योगी सरकार ही नानपारा को जिला बनाएगी। लेखक एवं साहित्यकार हुस्न तबस्सुम निहा ने कहा कि पुस्तक में जो तथ्य है वह सराहनीय है।

# अज्ञात बाइक की टक्कर से कांवड़िए की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

हरदोई । कन्नौज–बिलग्राम मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र में बाइक की टक्कर से कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह ही पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। हरदोई जनपद के माधौगंज थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर वासुदेव निवासी रामजी (15) कक्षा आठ का छात्र था। रविवार रात गांव के ही पवन कुमार और कुलदीप के साथ बाइक से कांवड़ लेकर कन्नौज के मेंहदीघाट गया था। पुल के पहले ही बाइक खड़ी कर तीनों कन्नौज मार्ग पर पैदल ही जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने रामजी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामजी सिर के बल सड़क पर गिर गया। आनन–फानन स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में रात लगभग 12 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना का पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कांवड़िए की मौत की जानकारी पर पुलिस और प्रशासन सतर्क हो गए। डीएम की अनुमति से परिजनों के आने पर सोमवार सुबह ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक तीन भाई बहनों



में सबसे छोटा था। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मृतक के साथ आए कुलदीप की तहरीर पर बाइक के पंजीकरण संख्या के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद, मेडिकल स्टोर संचालक समेत तीन लोग गिरफ्तार

महाराजगंज । भारी मात्रा में पकड़ी गई प्रतिबंधित दवाओं के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की छापेमारी में अलग–अलग दवा मिली थी। जिसके बाद से पुलिस सतर्क हो गई थी। बताते चले कि, सिसवा पुलिस चौकी से 100 कदम दूर एक ट्रांसपोर्ट से पिकअप पर कुछ दवाएं लोड हो रही थी। इस बीच पुलिस को देखते ही पिकअप सवार वहां से भागने लगे। पुलिस ने असम छपरा में पिकअप को पकड़ लिया। पिकअप में दवाएं भरी हुई थी। इसके बाद पुलिस चौकी के बगल ट्रांसपोर्ट पर छापेमारी में भारी मात्रा में दवाएं मिली। छापेमारी के दौरान अपर जिलाधिकार, एसडीएम निचलौल, सीओ निचलौल, ड्रग्स विभाग की टीम के साथ ही सिसवा व कोठीभार पुलिस भी मौजूद रही। दूकान के अन्दर रखे दवाइयों के पैकेट के बारे में पूछने पर ज्ञात हुआ कि 79 पेटी कफ सिरफ समृद्धि मेडिकल स्टोर सिसवां बाजार के मालिक राहुल जायसवाल बेटे सुरेन्द्र जायसवाल नि. वार्ड नं. 15 कबीर नगर थाना कोठीभार जनपद महराजगंज रखवाये है। जिसका कोई बिल बाउचर नहीं है । राहुल जायसवाल को ट्रांसपोर्ट संचालक रोहित भट्ट के माध्यम सें मौके पर बुलया गया। राहुल जायसवाल द्वारा दुकान में रखे बिना बिल के 79 पेटी दवाइयों को अपने द्वारा



रखवाया जाना स्वीकार किया। उसका बिल बाउचर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। ड्रग निरीक्षक द्वारा दुकान में रखे 79 पेटी सिरफ को चेक किया गया तो फेन्सिकाफ कफ सिरप 4680 शीशी, मोरसिरेक्स कफ सिरप 4800 शीशी बरामद हुआ।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बने गड्ढे में गिरी कार, बाल-बाल बचे कार सवार

औरैया । नव निर्मित बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे पर हादसों का सफर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। सोमवार सुबह चित्रकूट की तरफ जा रही कार 256 नंबर एक्सप्रेस–वे पर बने गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी लोग बाल–बाल बच गए। बताया जा रहा है कि अनुज पांडे निवासी हिसार हरियाणा अपनी मां के साथ चित्रकूट के मानिकपुर तहसील क्षेत्र में मामा के निधन होने पर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार औरैया जिले में 256 नंबर एक्सप्रेस–वे पर पहुंची। तभी अचानक से सड़क में बने लंबे चौड़े गड्ढे में जा गिरी। जिससे कार के तीन टायरों की रिम टेढ़ी हो गई। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई भी जनहानि होने से बच गई। कार सवार अनुज ने बताया की बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का नाम सुना था,

उसी से होकर जा रहे थे। रात लगभग तीन बजे कार गड्ढे में जा गिरी। अनुज ने बताया कि घटना के दस मिनट में ही हाईवे पेट्रोलिंग की पुलिस मौके पर आ गई।



# प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर संचारी रोगों की दी गई जानकारी

उदय समाचार । कानपुर । आजादी का अमृत महोत्सव के तहत नरवल के फत्तेपुरवा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को फत्तेपुरवा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में हर घर तिरंगा जो कि 11अगस्त से 17 आगस्त तक चलाया जाना है। जिसके सापेक्ष रुपरेखा की जानकारी उपस्थित की गई है। शिल्पी पांडेय ने साथ ही साथ संचारी रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फ्रिज, कूलर या अन्य स्थान पर पानी को इकट्ठा न होने दें। सभी छात्र अपने घर के परिसर की रोजाना साफ–सफाई करें, ताकि मक्खी मच्छर न पनप सकें। बरसात में पानी को उबालकर ही पीएं।

उन्होंने कहा कि सावधानियां अपनाकर ही संचारी रोगों से बचाव किया जा सकता है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत चहक कार्यक्रम एंव स्कूल रेडिनेस की नोडल शिक्षिका ने उपस्थित माताओं से यह पुनः अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों के सम्पर्क में रहते हुए विद्यालयी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें और समय निकाल कर विद्यालय आकर अपने बच्चों की प्रगति की रिपोर्ट भी दें। विद्यालय में कार्यरत



शिक्षिका एसआरजी (मीना मंच) ने बैठक का संचालन करते हुए स्कूली बच्चों के अभिभावकों को सभी पहलुओं से अवगत कराया। इस बैठक में केशपति यादव, शिल्पी पाण्डेय, सनोवर इस्लाम, अनु कुमारी समेत समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# बारात में घोड़ा हुआ बेकाबू, डांस कर रहे बारातियों को रौंदते हुए भागा, 12 घायल

हमीरपुर । बारातियों को बारात में डांस करता देख घोड़ा बेकाबू हो गया। गाने की तेज आवाज सुनने के बाद घोड़ा बारातियों पर चढ़कर भागने लगा। घोड़े के भागने के दौरान 12 बाराती घायल हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे बाराती गाने पर बारात में डांस कर रहे हैं। उसी के कुछ देर बाद घोड़ा उनके बीच से भागने लगा, जिसमें बाराती घायल हो गए। घटना हमीरपुर के मौदहा कस्बे की है। रविवार को गुसियारी गांव से एक बारात मौदहा कस्बे में आई हुई थी। जिसमें बाराती डीजे की धुन में थिरक रहे थे। तभी अचानक घोड़ा भी बीच में आकर उछलने लगा। फिर वहां से भागने लगा। घटना में घायल बारातियों को निजी अस्पतालों में भर्ती करा कर इलाज करवा दिया गया है। बारात सकुशल संपन्न हो गई है। जिस समय डीजे पर डांस चल रहा था। उसी समय किसी ने वीडियो बना लिया। फिर वीडियो को वायरल कर दिया।



# पदोन्नति में आरक्षण की उठाई मांग

उरई–(जालौन)– सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष दिनेश विद्रोही के आवाहन पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र दोहरे के नेतृत्व में एससी –एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने पदोन्नति में आरक्षण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया।

अपनी मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम व सांसद प्रतिनिधि को भी सौंपा। शिक्षकों ने पदोन्नाति के नियमों को जल्द प्रदेश में लागू किया जाए और विभिन्न विभागों में खाली आरक्षित वर्ग के पदों को आउटसोर्सिंग की प्रथा बंद कर बैकलाक पदों पर भर्तियां की जाएं।

अगर इसे अपरिहार्य परिस्थितियों में लागू किया जाता है तो इसमें भी आरक्षण की व्यवस्था की जाए इस मौके पर जिलाध्यक्ष समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे ।।

